https://cm.jharkhand.gov.in/

मुख्यमंत्री सचिवालय

प्रेस विज्ञप्ति

रांची,दिनांक: 30/07/2024

मुख्यमंत्री सचिवालय
प्रेस विज्ञप्ति --179/2024
30 जुलाई 2024
झारखंड विधान सभा, रांची
==========================

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन से झारखंड विधान सभा स्थित मुख्यमंत्री कक्ष में आज रूहानी मर्कज के अध्यक्ष-सह-पूर्व विधायक श्री हसन रिजवी ने मुलाकात की। मौके पर मुख्यमंत्री को उन्होंने अवगत कराया की रूहानी मर्कज (आध्यात्मिक केंद्र) जमशेदपुर की ओर से आगामी 11 अगस्त 2024 को राज्यवासियों की सुख, शांति, समृद्धि एवं खुशहाली के लिए दरगाह अजमेर शरीफ में चादरपोशी और दुआएं-ए-खास का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अजमेर शरीफ भेजी जाने वाली चादर-ए-मुबारक का अनावरण किया। मौके पर मुख्यमंत्री को उन्होंने अजमेर शरीफ की टोपी तथा साफा पहनकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर विधायक श्री मंगल कालिंदी, शोहदा-ए-कर्बला के महासचिव श्री अब्बास अंसारी, झारखंड उच्च न्यायालय के अधिवक्ता श्री गुलरेज अख्तर सहित अन्य उपस्थित थे।===========================

#Team PRD(CMO)